हिमाचल प्रदेश
लोक सेवा आयोग

संख्या : 4–5/2019–PSC-Part-II **दिनांक** : 24–02–2026

"प्रेस विज्ञाप्ति"

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आज दिनांक 24.02.2026 को **"HPPSC Applicant"** तथा **"HPPSC Attendance"** ऐप्स का अनावरण किया गया है। **"HPPSC Applicant"** ऐप **Google Play Store** पर उपलब्ध रहेगी। **"HPPSC Applicant"** ऐप के माध्यम से अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र बिना साइबर कैफे या कॉमन सर्विस सेंटर का सहारा लिए अपने मोबाइल से किसी भी स्थान से आवेदन कर सकते हैं। यह पहल विशेष रूप से दुर्गम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अभ्यार्थियों के लिए लाभकारी है, जिन्हें ऑनलाइन सुविधाओं तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह मोबाइल आधारित प्रणाली अभ्यर्थियों को अपने स्मार्टफोन के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को सुविधापूर्वक पूर्ण करने में सक्षम बनाएगी जिससे अभ्यर्थियों का समय एवं लागत की बचत होगी।

इसके अतिरिक्त **"HPPSC Attendance"** ऐप को भी Artificial Intelligence आधारित Face Authentication के लिए परीक्षा प्रक्रिया में एक अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में शुरू किया जा रहा है। Face Authentication के माध्यम से परीक्षा के समय अभ्यर्थियों का Real Time Verification मोबाइल आधारित प्रणाली द्वारा किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया के दौरान कैप्चर की गई अभ्यर्थी के चेहरे की फोटो का मिलान परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय ली गई लाइव फोटो से किया जाएगा। यह प्रक्रिया प्रतिरूपण (Impersonation) को रोकने में सहायक होगी तथा परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुदृढ़ करेगी।

साथ ही **Aadhar Based Authentication** को ओ0टी0आर0 में स्थापित करने का कार्य आयोग के प्रक्रियाधीन है। इस उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग को भर्ती की विभिन्न अवस्थाओं में अभ्यर्थियों की पहचान स्थापित करने हेतु आधार के उपयोग और प्रमाणीकरण करने के लिए अधिसूचित किया गया है। यह पहल परीक्षा में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लाएगी जिससे परीक्षा को सुचारू रूप से संचालन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

हस्ता/–
(निवेदिता नेगी) भा0प्र0से0
सचिव,
हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग
फोन न0: 0177–2629734